मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 286, मुंबई, शनिवार, 18 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर







# धनंजय मुंडे की बढ़ेंगी मुश्किलें

## कृषि सामग्री में 50 करोड़ का गबन? हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य में पिछली बार देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट नेता और कृषि मंत्री धनंजय मुंडे की मुश्किलें और बढ़ने की संभावना है। क्योंकि सरकार पर डीबीटी योजना को दरकिनार कर कृषि सामग्री ऊंचे दामों पर खरीदे किया गया। इसपर टिप्पनी करते हुए मुंबई हाई कोर्ट के नागपुर खंडपीठ में शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई है। 103 करोड़ रुपये के कृषि सामग्री में से करीब 50 करोड़ रुपये का गबन होने का पहिली नजर में दिखने का दावा याचिकाकर्ता ने किया है। परिणामस्वरूप, महायुति सरकार को मुंबई हाई कोर्ट के नागपुर खंडपीठ ने 2 सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### मुंबई हाई कोर्ट के नागपुर खंडपीठ में याचिका

इसके तहत एक महंगा कृषि स्प्रे पंप खरीदा गया। हमने 23 अक्टूबर 2024 के उसी फैसले को जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी, ऐसी बात याचिकाकर्ता वकिल का कहना था। इस दौरान, उच्च न्यायालय ने सरकार द्वारा अधिक कीमत पर खरीद करने के निर्णय से संबंधित याचिका पर संज्ञान लिया।



# पुणे में 20 साल से रह रहा अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

## 7 आधार-पैन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज बरामद

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हाल ही में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ एटीएस की टीम ने कड़ा एक्शन लिया है। इस दौरान अवैध तरीके से महाराष्ट्र में रह रहे अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ एक्शन लिया है। इसी दौरान पुलिस ने पुणे से एक और बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। पुणे शहर की पुलिस ने 34 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक एहसान हाफिज शेख को गिरफ्तार किया है, जो पिछले 20 वर्षों से अवैध रूप से भारत में रह रहा था। शेख, जो वर्तमान में पुणे के महर्षि नगर इलाके में रह रहा है, को शुक्रवार को स्वारगेट पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करने के बाद हिरासत में लिया गया। पतित पावन संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में उसे स्वारगेट पुलिस स्टेशन लाए जाने के बाद शेख को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि शेख मूल रूप से बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले का रहने वाला है। पुलिस को उसके सेल फोन पर बांग्लादेश में उसके रिश्तेदारों के मोबाइल नंबर भी मिले।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# सुसाइड के लिए उकसाना अपराध नहीं!



## बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्यों कहा ऐसा?

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा है कि महज शादी के लिए मना करना आत्महत्या के लिए उकसाने के बराबर नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में सिर्फ इसीलिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है क्योंकि उसने एक महिला से शादी करने से इंकार कर दिया था। इस मामले में जस्टिस उर्मिला जोशी फाल्के की एकल पीठ ने पूर्व प्रेमिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया। शख्स पर भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत मामला दर्ज किया गया था। कोर्ट में बुलढाणा के एक मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी। 3 दिसंबर 2020 को महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# आज से शुरू होगा अजित पवार का शिर्डी मंथन

## छगन भुजबल के शामिल होने पर सस्पेंस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय शिर्डी अधिवेशन के बाद महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ महायुति के एक और प्रमुख घटक दल राकां (अजित पवार) का दो दिवसीय अधिवेशन शनिवार से शिर्डी में आयोजित किया जा रहा है। राकां के इस राज्यव्यापी नव संकल्प शिविर में उप मुख्यमंत्री अजित पवार, पार्टी के प्रमुख नेता प्रफुल्ल पटेल, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष सुनिल तटकरे एवं अन्य प्रमुख नेताओं एवं पदाधिकारियों के साथ पार्टी की भविष्य की योजनाओं पर मंथन करेंगे तथा आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में रोड मैप पर चर्चा कर सकते हैं। हालांकि पार्टी के प्रमुख नेता छगन भुजबल इस अधिवेशन में शामिल नहीं होंगे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### भुजबल पर सस्पेंस

गौरतलब हो कि सुनील तटकरे ने कहा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री छगन भुजबल शिविर में आएंगे। लेकिन भुजबल की तरफ से अभी तक ऐसे कोई संकेत नहीं मिले हैं। बीजेपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और राकां (अजित पवार) के गठबंधनवाली महायुति सरकार 2.0 में मंत्री पद नहीं मिलने से भुजबल नाराज बताए जा रहे हैं। इसलिए भुजबल के शिबिर में पहुंचने पर सस्पेंस बना हुआ है।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### अमन की उम्मीद बढ़ी



**लेबनान में हिज्बुल्लाह के कमजोर पड़ने और सीरिया में बदले समीकरणों के बाद हमास के लिए भी प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हैं। इसके मद्देनजर लगभग उसी प्रारूप पर दोनों पक्ष सहमत हुए हैं, जिन पर पिछले वर्ष भी वे समझौते के करीब पहुंचे थे।**

मध्यस्थों ने एलान किया है कि इजराइल और हमास गजा में युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। हालांकि समझौते को अभी इजराइली कैबिनेट की मंजूरी मिलनी बाकी है, फिर भी इस घोषणा से गजा में साढ़े 15 महीनों से जारी मानव-संहार के रुकने की संभावना बनी है। हालांकि मध्यस्थता प्रयासों में अमेरिका के साथ-साथ कतर और मिस्र भी शामिल थे, मगर इस नई सूरत का श्रेय अधिकांशतः निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को जाएगा। खबरों के मुताबिक ट्रंप अपने ह्वाइट हाउस में प्रवेश से पहले गजा में लड़ाई रोकने के वादे पर अडिग थे। यह दो टूक संदेश उन्होंने अपने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के जरिए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भेजा। इजराइल के चरमपंथी समूह ऐसे किसी समझौते पर राजी नहीं थे। उनकी राय में इस युद्ध के जरिए इजराइल को पूरे फिलस्तीनी इलाकों पर नियंत्रण करने का लक्ष्य पूरा करने के बाद ही लड़ाई रोकनी चाहिए थी। नेतन्याहू सरकार के लिए उन समूहों का राजनीतिक समर्थन महत्त्वपूर्ण है, फिर भी ट्रंप के सख्त रुख के आगे उन्हें युद्धविराम पर राजी होना पड़ा। उधर लेबनान में हिज्बुल्लाह के कमजोर पड़ने और सीरिया में बदले समीकरणों के बाद हमास के लिए भी प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हैं। इन नए हालात के मद्देनजर लगभग उसी प्रारूप पर दोनों पक्ष सहमत हो गए हैं, जिन पर पिछले मई में भी वे समझौते के करीब पहुंचे और जुलाई में ऐसा होने की फिर उम्मीद जगी थी। फिलहाल सहमति यह है कि युद्धविराम का पहला चरण 42 दिन का होगा, जिस दौरान बंधकों की अदला-बदली होगी। इसी दौरान दूसरे चरण की शर्तों को अंतिम रूप दिया जाएगा। तीसरे चरण में दो से पांच वर्षों की अवधि में गजा में पुनर्निर्माण के कार्य होंगे। इसके लिए बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय सहायता भेजी जाएगी, जिसे मध्यस्थ देश सुनिश्चित करेंगे। मगर 1993 के ओस्लो समझौते में इजराइल के साथ-साथ संप्रभु फिलस्तीन बनाने पर भी रजामंदी हुई थी। उस बारे में कोई बात ताजा समझौते में नहीं है। इसलिए इसके स्थायी होने पर सवाल कायम हैं। वैसे अभी गजा में विध्वंस रुके, तो वह कम राहत की बात नहीं होगी।

# हर्षोल्हास के साथ मनाया लोकप्रिय काँग्रेसी नेता निजामुद्दीन राईन का जन्मदिन

## जन्मदिन के शुभ अवसर पर मुशायरे का किया था आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हर्षोल्हास के साथ मनाया गया लोकप्रिय काँग्रेसी नेता निजामुद्दीन राईन का जन्मदिन मुंबई के कई राजनेता लोकनेता कई पदाधिकारी, कई समाजसेवक और विवध पक्ष विविध संघटन के पदाधिकारीयों ने कि मरिन लाईन इस्लाम जिमखाना मे निजामुद्दीन रॉईन के जन्मदिन के कार्यक्रम में शिर्कत कि। जिसमे समाजवादी पार्टी के लोकप्रिय विधायक अबु आसिम आजमि साहब, काँग्रेस पार्टी के पुर्व विधायक एंव इस्लाम जिमखाना के अध्यक्ष युसुफ अब्राहमी साहब, पोलीस आई पी एस अधिकारी कैसर खालीद साहब, नसीम सिद्दीकी, वरिष्ट काँग्रेसी नेता कय्युम तांबोली, उर्दु दैनिक हिंदुस्थान टाईम्स के एडिटर सर फाराज आरजु साहब, कई शायर जिसमे मंजर भोपाली जेसी हस्तीया मौजुद थी।



निजामुद्दीन राईन 60 वे साल मे पदार्पण किया। निजामुद्दीन राईन का नाम लेते ही एक साफ दिल का, मन खोलकर बात करनेवाला हसमुख व्यक्तीमत्व हमारी नजरो के सामने आता है। वे हमेशा स्पष्ट बोलते है। उनके व्यवहार में और बातचित मे एक खास अंदाज है। जो उनके व्यक्तीमत्व और स्वभाव में सहज रुप से दिखाई पडता है। एकदम पारदर्शक स्वभाव और दिलदार व्यक्तीमत्व का दुसरा नाम है निजामुद्दीन राईन। लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन का जन्मदिन बुधवार 15 जनवरी को मरीन लाईन के इस्लाम जिमखाना मे समाज के गणमान्य लोगो के मौजुदगी मे बडे हर्षोल्हास के साथ बडे धुमधाम से मनाया। जन्मदिवस के अवसर पर मुंबई के लोगों ने लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी शुभ कामनाएं दी गई। शुभकामनाए देने वालों की भीड़ में लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट. प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन ने सभी का पधारना एवं बधाई स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट.प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन वह शख्सियत है जो लोगो के सुख दुःख में हमेशा आगे आकर सहयोग साथ देते है। बुधवार 15 जनवरी को उनके मुंबई के नागपाडा के निवास स्थान पर सुबह से ही जन्मदिन पर बधाई देने के लिए शेकडो दोस्त मित्र लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जन्मदिन के शुभअवसर पर इस्लाम जिमखाना में एकता फोरम व्दारा 25 वा मुशायरा का आयोजन रखा गया था। जिसमे कई शायरो ने अपने एक से एक शायरी कहेकर इस्लाम जिमखाना मे जन्मदिन पर बधाई देने आए हुए लोगो का दिल जित लिया। इस मौके पर लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट. प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन ने सभी से मुलाकात की, शुभकामनाएं स्वीकार की और सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस्लाम जिमखाना में हजारो लोगो के मौजुदगी में और कई नेताओ कि और समाज के गणमान्य लोगो की मौजुदगी में लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट.प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन के जन्मदिन का केक काटा गया। इस वक्त सभी ने ल निजामुद्दीन राईन साहब को लंबी उम्र के साथ दुवाओ के साथ जन्मदिन की बधाई दी। तो कई गणमान्य लोगो ने लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट. प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन को शाल और बुके देकर सत्कार करके सम्मानित किया।

इस शुभअवसर पर मुंबई काँग्रेस कमिटी के सिनियर उपाध्यक्ष वरिष्ट काँग्रेसी नेता कय्युम तांबोली ने लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट. प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन साहब को शाल और बुके देकर हजारो गणमान्य लोगो की मौजुदगी मे सत्कार किया। ऐसे ही महाराष्ट्र प्रदेश काँग्रेस मॉयनॉरीटी विभाग के सचिव एंव मुंबई मॉयनॉरीटी काँग्रेस के महासचिव पत्रकार जफरसिद्दीकी ने भी निजामुद्दीन राईन साहब का शाल और बुके देकर सम्मानित किया और जन्मदिन कि ढेर सारी बधाईया दी।

इस वक्त मुशायरा की आयोजन किया गया था। शायरो ने भी लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट. प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन के जन्मदिन पर खुब बेहतरीन शायरी कि और मौजुद प्रेक्षको का दिल जित लिया।

इस वक्त जन्मदिन के कार्यक्रम मे मुंबई के गणमान्य नेताओ का और पदाधिकारीयो का लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट. प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन ने शाल और बुके देकर आए हुए मेहमानो का भी सत्कार किया। जिसमे मुंबई के लोकप्रिय विधायक अबु आसिम आजमि साहब का पोलिस आय पी एस अधीकारी कैसर खालीद का भी बेहतरीन रुप से सत्कार किया गया। और कई गणमान्य लोग

लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट. प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन ने शाल और बुके देकर सत्कार किया। लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट. प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन ने कई गणमान्य लोगो को सोशल वर्कर एंव विविध संघटनाओ के पदाधिकारी कार्यकर्ता लिडर जैसे लोगो को निमत्रण दिया था। जिसमे काफी बहोत सारे लोगो ने समाजसेवक लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन के जन्मदिन के कार्यक्रम में शिर्कत कि और निजामुद्दीन को जन्मदिन कि ढेर सारी शुभकामनाए दि। किसी ने फेसबुक, व्हास्टअप, ट्रिवटर, इंन्स्टाग्राम के जरिए तो किसी ने फोन करके तो किसी ने मुलाखात लेकर दि जन्मदिन की बधाई। सोशल मीडिया की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही, शहर के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेल, उद्योग, पत्रकारिता, सहकारिता, महिला स्वयं सहायता समूहों आदि क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ के मुंबई के हर इलाके से लोकप्रिय समाजसेवक एंव कॉग्रेस पार्टी के महाराष्ट. प्रदेश के प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन को जन्मदिन की बधाई दी।

मुंबई के हर इलाके किसी ने सोशल मीडिया पर किसी ने फेसबुक इंस्टाग्राम ट्विटर से तो किसी ने मोबाइल फोन पर जन्मदिन की बधाई दी, निजामुद्दीन राईन ने सभी से बातचीत कर बधाई स्वीकार की। उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने आए सभी नेताओ का विविध विभाग के पदाधिकारीयो का गणमान्य समाजेवको और शुभचिंतकों और मित्रों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

इस वक्त मौजुदगी में फारुख सैय्यद साहब, नदीम भाई,गुलबुल शर्मा, जहा देवबंदी,गुलफाम खान, शहेबाज भाई, इश्तीयाक अन्सारी, सरफराज साहब, मुस्तफा साहब, मंजर भोपाली साहब, नदीम फारुख साहब, एकता फोरम का 25 वा मुशायरा निजामुद्दीन राईन साहब के दुवॉओ का गुलदस्ता बना।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# "Save The Birds" का चलाया गया अभियान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

आपके दो पल की मजा, ना बन जाये,
इन बेगुनाहों की सजा!
Wonderful Campaign by
UDAAN Foundation

"Save The Birds" इस सुंदर से कैंप और अभियान का हिस्सा बनने का मौका मिला। दरियादिल मुंबईकर संस्थापिका तथा राष्ट्रीय सैनिक संस्था मुंबई इकाई महिला विंग अध्यक्षा माननीय डॉक्टर अर्चना देशमुख जी तथा सदस्या राजकुमारी तिवारी जी, सुवर्णा अम्बाला जी के साथ शामिल हुई। अर्चना देशमुख जी ने बतलाया इस संक्रांति कुछ अच्छा करें। संक्रांति तथा पतंग उत्सव के इस अवसर पर संस्था द्वारा कई मासूम बेगुनाह परिंदों की जान बचाई गई, तीन दिवसीय कैंप का आयोजन युवा वर्ग तथा कॉलेज के बच्चों द्वारा किया गया, जिसमें यह




संदेश दिया गया की मांजे से होने वाले नुकसान को बतलाया गया, चाइनीस मांजे के ऊपर बंदी लगाने पर आवाज उठाई गई। ना काटो चाइनीज डोर से पक्षियों के जीवन की डोर, करो सुरक्षा इस नन्ही जान की। हम सब ने यह ठाना है, पक्षियों को को बचाना है।

हम सब ने यह ठाना है, पक्षियों को को बचाना है। पक्षी बचाओ, जीवन बचाओ।

कहीं गुम ने हो जाए ये चहकते पक्षी,
आओ मिलकर इनकी जान बचाए।

# महिला और बाल कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कोंकण संस्था को भारत सीएसआर पुरस्कार से किया सम्मानित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**महिला** और बाल कल्याण क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कोकण संस्था को २०२४-२०२५ में भारत की सर्वश्रेष्ठ संस्था के पुरस्कार से आज मुंबई के रेडिसन ब्लू इस पंचतारांकित होटल में सम्मानित किया गया। भारत सीएसआर अवार्ड २०२५ के कार्यक्रम में कोकण संस्था को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। ब्रेनलिटिक्स कंपनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कोकण संस्था को विभिन्न श्रेणियों में नामांकन प्राप्त हुआ था, जिसमें महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्था का चयन किया गया। कोकण संस्था पिछले १३ वर्षों से महिलाओं और बच्चों से संबंधित मुद्दों पर काम कर रही है और रायगड जिले को बाल विवाह




मुक्त बनाने के लिए एक्सेस टू जस्टिस नामक संस्था के साथ मिलकर कार्य कर रही है। साथ ही, संस्था राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रोजेक्ट चला रही है, जिसके माध्यम से ११ लाख से अधिक जरूरतमंद लाभार्थियों को मदद पहुंचाई गई है। इसके अलावा, संस्था सक्षम प्रोजेक्ट के अंतर्गत ४३५ बच्चों की संपूर्ण जिम्मेदारी उठाती है। सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए गल्ली स्कूल और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों के लिए युवा किरण जैसे सभी प्रोजेक्ट्स की सराहना इस मौके पर की गई, ऐसा दयानंद कुबल ने अपने संबोधन में कहा। इस कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई दिग्गज उपस्थित थे। भारत सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव और अवॉर्ड्स भारत में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) और सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संस्थाओं को पहचानने और सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जाने वाला कार्यक्रम है। यह पुरस्कार स्वीकारते समय संस्थाध्यक्ष दयानंद कुबल और प्रोजेक्ट मैनेजर प्रीती पांगे उपस्थित थे।

# दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी को 286 किलोमीटर की दूरी से दिया गया अंजाम

**मुंबई।** देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी। रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं




सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर में चीफ ऑफ कार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35-40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और- दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है; उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई। दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रही, यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है। इस उपलब्धि ने आने वाले समय में टेलीसर्जरी की बदलावकारी क्षमता की पुष्टि कर दी है, जो भोगौलिक सीमाओं के दायरे से परे, किसी भी दूरी पर स्थित मरीज उच्च गुणवत्ता की सटीम मेडिकल देखभाल का लाभ उठा सकेंगे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक, चेयरमैन और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, हमें गर्व है कि हमने मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए सर्जरी की क्षमता को आधुनिक बनाया है, इससे खासतौर पर सुदूर इलाकों के मरीजों को लाभ होगा, जो आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। टेलीसर्जरी के द्वारा हम किसी भी इलाके में स्थित मरीजों को सर्वोच्च गुणवत्ता की देखभाल मुहैया कराना चाहते हैं। भारत जैसे देश में जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण आबादी है और भोगोलिक सीमाएं इलाज में रूकावट बन जाती हैं, यह इनोवेशन बदलावकारी साबित होगा। टेलीसर्जरी वंचित समुदायों के लिए विश्वस्तरीय सर्जिकल विशेषज्ञता को सुलभ बनाएगी।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### धनंजय मुंडे की बढ़ेंगी मुश्किलें

सरकार ने 1 हजार 500 रुपये का कृषि स्प्रे पंप 3 हजार 600 रुपये में खरीदकर वो किसानों को दिया जा रहा है। इन सामग्रियों की बढ़ी हुई कीमत पर खरीदना बहुत ही गंभीर मामला है. इससे पहले, सरकार की डीबीटी नीति के अनुसार किसानों को धनराशि उपलब्ध कराई जाती थी। इस संबंध में 2023 में स्प्रे पंप के लिए 103 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया और अन्य कृषि सामग्री खरीदकर किसानों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की नीति बदल दी गई। दिलचस्प बात यह है कि महंगे दामों पर कृषि पंप और अन्य कृषि सामग्री की खरीद के संबंध में तत्कालीन कृषि सचिव ने एक नोट लिखकर अपना विरोध व्यक्त किया था। हालांकि, कृषि विभाग और कृषि मंत्री ने इस पर नोट लिखकर खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया। परिणामस्वरूप, पहिली नजर में ऐसा प्रतीत होता है कि, 103 करोड़ रुपये में से लगभग 50 करोड़ रुपये का गबन किया गया है, ऐसी बात वकिल शांतनु घाटे ने कही।

### सुसाइड के लिए उकसाना अपराध नहीं!

जानकारी के मुताबिक पीड़िता नौ साल से आरोपी के साथ प्रेम संबंध में थी। उसकी मौत के बाद उसके पिता ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी ने युवती से रिश्ता तोड़कर उनकी बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाया। आत्महत्या लगाने से पहले युवती ने भी अपने सुसाइड नोट में यह बताया था कि शख्स ने उससे शादी करने से मना कर दिया है जिससे उसे सदमा लगा है। हालांकि कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे यह पता चले कि उसने पीड़िता को किसी भी तरह से उकसाया था। कोर्ट ने 15 जनवरी को दिए गए अपने फैसले में कहा कि इसमें कहीं भी यह नहीं दिख रहा है कि शख्स ने कभी भी मृतक को आत्महत्या करने के लिए उकसाया हो। इसके उलट, सबूतों से यह पता चलता है कि रिश्ता टूटने के बाद पीड़िता लगातार शख्स के साथ संपर्क में थी और उससे बातचीत कर रही थी। इसलिए ऐसी स्थिति में सिर्फ इसलिए कि याचिकाकर्ता ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया, यह अपने आप में मृतक को आत्महत्या करने के लिए उकसाने या उकसाने के बराबर नहीं होगा।

### पुणे में 20 साल से रह रहा अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

एफआईआर के अनुसार, शेख ने 2004 में उचित अनुमति के बिना अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया। उसने कथित तौर पर एजेंटों की मदद से कोलकाता से एक फर्जी जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किया, जिसका इस्तेमाल उसने भारतीय पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज हासिल करने के लिए किया। एफआईआर के अनुसार, पुलिस ने उसके घर की तलाशी के दौरान शेख के घर से सात आधार कार्ड, दो मतदाता पहचान पत्र, दो ड्राइविंग लाइसेंस, सात पैन कार्ड, चार पासपोर्ट, नौ डेबिट कार्ड, नौ क्रेडिट कार्ड, एक यूनिवर्सल पास, आठ जन्म प्रमाण पत्र और बांग्लादेश, पाकिस्तान, मलेशिया, सऊदी अरब, यूएई, कुवैत और कतर की मुद्रा बरामद की। पुलिस ने उसका सेल फोन, सिम कार्ड, व्यावसायिक दस्तावेज और एक मकान किराया समझौता भी जब्त किया। वह 2009 में पुणे आया था। 2012 में महर्षि नगर में बसने से पहले वह कई जगहों पर रहा और काम किया, जहां उसने एक कपड़े की दुकान खोली। पुलिस ने शेख पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318, 336, 338 और 340 और पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आगे की जांच के लिए मामला दर्ज किया है।

### आज से शुरू होगा अजित पवार का शिर्डी मंथन

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली उल्लेखनीय सफलता के बाद अजित पवार की राकां के नेताओं के हौसले बुलंद है। सकारात्मक माहौल में पार्टी के प्रभाव के विस्तार की व्यापक योजना के तहत पार्टी का राज्यव्यापी अधिवेशन 18 जनवरी और 19 जनवरी को शिर्डी में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में पार्टी के सदस्यता पंजीकरण अभियान की रूपरेखा भी तय की जाएगी। इसके तहत शहर, जिले और तालुका में सदस्यों का उचित पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इसलिए, पार्टी ने निर्धारित अवधि के भीतर सदस्य पंजीकरण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इतना ही नहीं नव संकल्प शिविर से संगठन को नई ऊर्जा और प्रेरणा के साथ आगामी स्थानीय निकाय चुनावों का सामना करने के लिए फरवरी में विभिन्न पार्टी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। इसकी पूर्व संध्या पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुनील तटकरे ने शुक्रवार को आयोजित पत्रकार परिषद में कहा कि विधानसभा चुनाव में अजित पवार के नेतृत्व में मिली सफलता के बाद पार्टी की अगले साल भर व पांच साल के कार्यक्रमों पर मंथन के लिए हम शनिवार से शिर्डी में जुटेंगे। इस शिविर में अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल, हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे के अलावा पार्टी के सभी सांसद, मंत्री, विधायक एवं राज्य सहित सभी जिलों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, महासचिव व प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। तटकरे ने कहा कि जून 2023 में हम सभी ने स्वर्गीय यशवंत राव चव्हाण के प्रगतिशील विचारों की विरासत को आगे बढ़ाने तथा संस्कृति नए महाराष्ट्र के निर्माण के मकसद से लोकतांत्रिक मार्ग अपनाते हुए एनडीए के साथ जाने का निर्णय लिया था।

## खबर संक्षेप

### आग से बचने तीसरी मंजिल से कूद गया



**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में आधी रात फ्लैट में आग लगने पर बचने के लिए प्रापर्टी डीलर ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। नीचे गिरकर चोट लगने पर उसकी मौत हो गई। पत्नी-बेटा बाल बाल बच गए। पालतू डॉग की भी मौत हो गई। अग्निकांड की सूचना पर दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### आरजी कर अस्पताल मामले में फैसला आज



**कोलकाता।** यहां के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में बहुप्रतीक्षित फैसला शनिवार को सुनाया जाएगा। सियालदह कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बन दास की अदालत ने सुनवाई पूरी कर ली थी। शनिवार को फैसला सुनाएंगे।

### 1.5 एकड़ में बनेगा मनमोहन का स्मारक



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में दिल्ली में एक स्मारक बनेगा। सरकार ने राष्ट्रीय स्मृति परिसर में 1.5 एकड़ जमीन इसके लिए रखी है। यह जगह पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि के पास है। सिंह के परिवार को यह सूचना दे दी गई है। सरकार ने परिवार से ट्रस्ट बनाने का अनुरोध किया है।

### आंध्र में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत



**चित्तूर।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर के पास एक भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं 22 अन्य घायल हो गए। ये दर्दनाक सड़क हादसा चित्तूर-ताचूरू हाइवे पर तब हुआ, जब एक प्राइवेट ट्रैवल्स की बस तिरुपति से तिरुचिरापल्ली जा रही थी। बस ने खड़े हुए ट्रक से बचने का प्रयास किया, लेकिन ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा।

### कहा, डीसी और एसपी मिलकर नशे के खिलाफ चलाए ज्वाइंट ऑपरेशन

# डंकी रूट से युवाओं को विदेश भेजने वालों की पहचान कर करें कड़ी कार्रवाई: नायब

## मुख्यमंत्री सैनी ने जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की संयुक्त बैठक ली



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डंकी रूट के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को विदेश भेजने वालों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई भी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ न कर सके। साथ ही चिट फंड व अन्य तरीके से लोगों का पैसा कई गुणा करने का झांसा देने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई अनियमित तरीके से पैसा जमा कराने की योजना संचालित करता है, तो उसके द्वारा खरीदी गई सम्पति की रजिस्टरी पर बैन लगाने का फैसला भी लिया गया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की आयोजित संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर उन्हें कानून व्यवस्था, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, नशे पर प्रहार, बाल श्रम और अवैध खनन सहित अन्य अहम मुद्दों पर आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। करनाल के मधुबन पुलिस कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस बैठक में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव सहित सभी जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को गांवो में रात्रि ठहराव के निर्देश देते हुए कहा है कि हरियाणा के हर व्यक्ति को न्याय दिलवाना और उनके कष्ट दूर करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके लिए सभी अधिकारी गांव में रात्रि ठहराव करना सुनिश्चित करें और लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनका समाधान करें। साधनहीन और कम साधन वाले परिवारों के हितों की रक्षा करने में किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फील्ड में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सरकार का चेहरा है और प्रदेश की जनता को उनसे आशाएं और आकांक्षाएं हैं। सभी अधिकारी आपसी सामंजस्य से कार्य करते हुए लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का कार्य करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की वे प्रशासनिक कार्यक्षमता को बढ़ावा देते हुए सुनिश्चित करें कि सरकार की विभिन कल्याणकारी नीतियों और कार्यक्रमों का लाभ आम जनता को उनके घरद्वार पर मिले।

### हर थाने में एक बाल कल्याण अधिकारी हो उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि हर थाने में एक बाल कल्याण अधिकारी उपलब्ध होना चाहिए और उसे किशोरों व बच्चों के प्रति लैंगिक अपराधों से संरक्षण का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि इस तरह के जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, बाल विवाह को रोकने के लिए उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की जिम्मेदारी भी तय की गई है।

### डीसी और एसपी मिलकर नशे के खिलाफ चलाएं ज्वाइंट ऑपरेशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला में डीसी और एसपी मिलकर नशे के खिलाफ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाएं। नशे के काले कारोबार को जड़ से खत्म करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए अधिकारी समन्वय से कार्य करते हुए नशा माफिया की पहचान करें और नशा की सप्लाई चेन के रैकेट पर प्रहार करते हुए उसे ध्वस्त करें ताकि प्रदेश को पूर्ण रूप से नशामुक्त बनाया जा सके। प्रदेश में अवैध खनन के मामलों का कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को इस पर रोक लगाने के लिए तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन विभाग को भी इस दिशा में फौरी कदम उठाने के लिए कहा गया है।

### हाईकोर्ट के आदेश पर 'सुप्रीम' रोक

# दिल्ली में 'आयुष्मान भारत' फिलहाल नहीं होगी लागू



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक आदेश में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिलहाल लागू करने पर रोक लगा दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और दिल्ली सरकार के बीच एक समझौता करने का निर्देश दिया था। इस समझौते के तहत प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य ढांचा मिशन को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लागू किया जाना था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आदेश दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। दिल्ली की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि राज्य सूची की शक्तियां सीमित हैं, लेकिन उच्च न्यायालय ने सरकार की शक्तियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में फिर से परिभाषित किया है।

### रवि और स्टालिन को दी चेतावनी

#### अगली सुनवाई तक मामला सुलझा लें

तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल आरएन रवि के बीच कुलपतियों की नियुक्ति पर जारी विवाद कड़ी टिप्पणी की। न्यायमूर्ति एसबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगली सुनवाई तक अगर यह मामला सुलझ जाता है तो ठीक है। नहीं तो हम इसे सुलझा लेंगे। राज्यपाल और तमिलनाडु सरकार के बीच विधेयकों को मंजूरी देने का मामला पिछले लंबे अटका पड़ा है। राज्यपाल रवि ने मद्रास विश्वविद्यालय, भारथिअर विश्वविद्यालय और तमिलनाडु शिक्षक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के कुलपतियों के नामों को तय करने के लिए एक समिति का गठन किया था।

### सीजेआई ने किया एक और बदलाव

#### नई कमेटी में ज. नागरत्ना व बांसुरी शामिल

सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट में एक और बदलाव किया है। उन्होंने शीर्ष अदालत में जेंडर सेंसिटाइजेशन एंड इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी का पुनर्गठन किया है। 11 सदस्यों वाली इस समिति में जस्टिस बीवी नागरत्ना को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्रार की ओएसडी सुजाता सिंह सदस्य सचिव होंगी। इस पैनल में जस्टिस नोंगमईकापम कोटिस्वर सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी, लिज़ मैथ्यू और बांसुरी स्वराज को सदस्य बनाया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की क्यूएस सर्वे की सराहना

# भारत नौकरियों के लिए टॉप मार्केट बन रहा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

## सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने जरूरी कौशल प्रदान

**इसे बढ़ावा देने को सरकार सक्रियता बढ़ा रही**

क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स इंडेक्स की रिपोर्ट में भारत को भविष्य की मांग वाली नौकरियों, जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल और ग्रीन टेक्नोलॉजी के लिए प्रमुख बाजार बताया गया है। पीएम ने इस उपलब्धि पर कहा कि सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने सक्रिय रूप से काम कर रही है। पीएम ने 'एक्स' पर लिखा, पिछले एक दशक में हमारी सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जरूरी कौशल प्रदान करने पर काम किया है।



### नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र बना

हमने भारत को नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र बनाने के लिए तकनीक का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स इंडेक्स की यह रिपोर्ट हमें आगे की दिशा में प्रेरित करती है और युवाओं को सशक्त बनाने के हमारे प्रयासों को मजबूती देती है।

**कौशल विकास की पहलें आईं काम :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और कौशल विकास की पहलें इन रैंकिंग्स में दिखाई देने लगी हैं। क्यूएस क्वाक्वारेली साइमंड्स वैश्विक उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए विश्लेषण और जानकारी प्रदान करता है, जो शैक्षिक उपलब्धियों, अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता और करियर विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

### फ्यूचर ऑफ वर्क श्रेणी में भारत ने दूसरा स्थान हासिल किया

रिपोर्ट में 'फ्यूचर ऑफ वर्क' श्रेणी में भारत ने 99.1 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जिसमें वह केवल अमेरिका से पीछे है। रिपोर्ट ने भारत की वेंचर कैपिटल निवेश को आकर्षित करने और एआई को कार्यबल में शामिल करने की तैयारी की भी प्रशंसा की। केपनी के एग्जीक्यूटिव डाइरेक्टर डॉ. अश्विन फर्नांडिस ने भारत की प्रगति की सराहना की।

# नौकरी छोड़ घर भागे 35 कर्मचारी, दो दिन पहले हुई थी तैनाती

**लखनऊ।** मेडिकल कॉलेज में तैनात 35 कर्मचारियों के काम छोड़कर भागने का मामला काफी सुर्खियों में है। ये मामला उत्तराखंड के राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सामने आया है। दरअसल, दून अस्पताल में दिसंबर से 150 पदों पर वार्ड ब्वॉय और आया समेत 366 पदों पर निजी एजेंसी के माध्यम से भर्ती शुरू हुई थी। पहले इंटरव्यू में 84 और दूसरे में 98 वार्ड ब्वॉय व आया की भर्ती हुई थी। इनमें से महज 130 ने ज्वाइन किया। बड़ी बात ये है कि उन 130 में से 35 कर्मचारी काम छोड़कर घरों को चले गए हैं। अब केवल 95 कर्मचारी ही नौकरी कर रहे हैं। दो लॉट में चयनित हुए 52 कर्मचारियों ने ज्वॉइन ही नहीं किया है। इधर, दून कॉलेज के एमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल के मुताबिक कई कर्मचारी कुछ दिन काम करने के बाद वापस नहीं आए। एजेंसी को सही से काउंसलिंग के बाद ही भेजने को कहा है। एक नई सूची 50 कर्मचारियों की भेजी गई है, उन्हें वार्डों में कार्य आवंटित कर रहे हैं। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बीए, एमए, बीएड जैसी डिग्रियों वाले युवक-युवतियों ने वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया की नौकरी पाई थी। जब उन्हें वार्ड में चादर बदलने, दवाई-उपकरण लाने, मरीजों को शिफ्ट कराने का काम करना पड़ा, तो वह उन्हें नागवार गुजरा। इस प्रकार के कार्य के प्रति रुचि नहीं होने के कारण उनमें से 35 कर्मचारियों ने एक-दो दिन में ही काम छोड़ दिया।

### निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लिया फैसला

# भारत की तीन संस्थाओं को अमेरिका ने 'परमाणु प्रतिबंध सूची' से हटाया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडेन (82) का चार साल का कार्यकाल 20 जनवरी को समाप्त होगा, जब डोनाल्ड ट्रंप (78) देश के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। इससे पहले उनके निर्देश पर 'व्हाइट हाउस' प्रशासन ने इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंडियन रेयर अर्थ्स को 'एंटीटी लिस्ट' से हटा दिया है। ये अमेरिकी कंपनियों के विशिष्ट सामानों के लिए निर्यात प्रतिबंध सूची के अधीन थीं।



### दोनों देश शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग के लिए प्रतिबद्ध


अमेरिकी उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो (बीआईएस) ने बुधवार को कहा कि इन निष्कासनों से इन संस्थाओं को हटाने से उन्नत ऊर्जा सहयोग, संयुक्त अनुसंधान और विकास, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग में बाधाएं कम होंगी। यह अमेरिका और भारत की साझा ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों और लक्ष्यों को बढ़ावा देगा। अमेरिका और भारत शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग और संबंधित अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही पिछले कई वर्षों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत किया गया है, जिससे दोनों देशों और दुनिया भर के उनके साझेदार देशों को लाभ हुआ है।

### आईएसएस से बाहर निकलकर की मरम्मत

# सुनीता ने सात महीने बाद पहली बार किया स्पेसवॉक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर सात महीने से अधिक समय बिताने के बाद पहला स्पेसवॉक किया। स्टेशन की कमांडर विलियम्स को नासा के निक हैग के साथ मिलकर कुछ जरूरी बाहरी मरम्मत का काम करना पड़ा। योजना के मुताबिक, अगले हफ्ते सुनीता और बुट्ज विल्मोर फिर स्पेसवॉक करेंगे। विलियम्स और विल्मोर ने पिछले साल जून में बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल के साथ उड़ान भरी थी, जो एक हफ्ते का परीक्षण मिशन था। लेकिन लेकिन स्टारलाइनर में कुछ समस्याएं आ गईं, जिसके कारण उनकी वापसी में देरी हुई। फिर नासा ने उन्हें कैप्सूल खाली करके वापसे भेजने का आदेश दिया। फिर उसको बदलने में स्पेसएक्स ने लॉन्च में देरी की, जिस वजह से विलियम्स और विल्मोर मार्च या अप्रैल के अंत तक घर वापस पाएंगे। यानी मिशन शुरू होने के करीब दस महीने बाद वह धरती पर लौटेंगे। यह नासा के अंतरिक्ष यात्रियों का पहला स्पेसवॉक था, जो पिछली गर्मियों में समस्या के कारण रुक गया था।



### आईएएमएआई और कंतार की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक महत्वपूर्ण गेम चेंजर के रूप में उभरा**

# साल 2025 में देश में इंटरनेट यूजर्स की संख्या पहुंचेगी 90 करोड़ के पार, 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

डिजिटल कंटेंट के लिए इंडिक भाषाओं के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से भारत में इंटरनेट यूजर बेस 2025 तक 90 करोड़ को पार कर जाएगा। गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्या 2024 में 88.6 करोड़ तक पहुंच गई, जो सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) और कंतार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत इस मामले में पीछे नहीं है। 48.8 करोड़ यूजर्स के साथ वह काफी आगे है।



**98 प्रतिशत यूजर्स ने इंडिक भाषाओं में कंटेंट का इस्तेमाल**

### 57% लोग क्षेत्रीय भाषा पसंद कर रहे

लगभग सभी इंटरनेट यूजर्स (98 प्रतिशत) ने इंडिक भाषाओं में कंटेंट का इस्तेमाल किया, जिसमें तमिल, तेलुगु और मलयालम अपनी व्यापक उपलब्धता के कारण सबसे लोकप्रिय बनकर उभरे। 57 प्रतिशत लोग क्षेत्रीय भाषाओं में कंटेंट का उपभोग करना पसंद करते हैं, जो विभिन्न प्लेटफार्मों पर स्थानीय भाषा के कंटेंट की बढ़ती मांग को दर्शाता है।

### ग्रामीण भारत में ऑनलाइन इंगेजमेंट हावी

ग्रामीण भारत टॉप एक्टिविटी के लिए ऑनलाइन इंगेजमेंट पर हावी है, जिसमें ओटीटी वीडियो और म्यूजिक स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन कम्युनिकेशन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल शामिल है। इन कैटेगरी में ग्रामीण, शहरी यूजर्स से आगे हैं। शहरी भारत स्मार्ट टीवी और स्मार्ट स्पीकर जैसे नॉन-ट्रेडिशनल डिवाइस को अपनाने में सबसे आगे है, जो 2023 और 2024 के बीच 54 प्रतिशत बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इसके साथ ही, शहरी और ग्रामीण दोनों डेमोग्राफी में मोबाइल डिवाइस इंटरनेट तक पहुंचने का प्राथमिक साधन बने हुए हैं।

### 10 में से 9 यूजर्स एआई एप का प्रयोग कर रहे

पिछले एक साल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (एआई) एक महत्वपूर्ण गेम चेंजर के रूप में उभरा है। 10 में से 9 इंटरनेट यूजर्स ने एम्बेडेड एआई क्षमताओं वाले एप का प्रयोग किया है। कंतार इनसाइट्स-दक्षिण एशिया के निदेशक बिस्वप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि एआई को लेकर व्यापक स्वीकृति और उत्साह को देखते हुए डिजिटल कंपनियों को एआई फीचर पेश करना चाहिए।

# मां-बेटी की नृशंस हत्या: गला रेतकर की गई हत्या, पुलिस को अहम सुराग मिले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद इलाके में बुधवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। ईसानगर गांव में 24 वर्षीय गीता कन्नौजिया और उनकी 6 वर्षीय बेटी दीपिका की गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी गई। मां-बेटी के खून से लथपथ शव कमरे के फर्श पर पाए गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस का दावा है कि इस हत्याकांड में जल्द ही खुलासा होगा। घटना का पता तब चला जब गीता के पिता सिद्धनाथ, जो दिलावरनगर के रहने वाले हैं, गुरुवार को अपनी बेटी के घर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के चलते पड़ोसी की मदद से छत के रास्ते दरवाजा खोला गया। अंदर का दृश्य देखकर चीख-पुकार मच गई। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि हत्या धारदार हथियार से की गई। मासूम दीपिका के सिर पर भारी वस्तु से वार किया गया और माथे पर नुकीले हथियार के निशान मिले हैं। कमरे से गीता का मोबाइल बरामद हुआ है, जिसे पुलिस सुराग के लिए खंगाल रही है। गीता के पति प्रकाश कन्नौजिया मुंबई में एक लॉन्ड्री में काम करते हैं। करीब 15 दिन पहले ही वह मुंबई लौटे थे। गीता का बेटा दीपांशु अपनी मौसी सुमन के घर पर था। घटना के दिन सुमन ने गीता को कई बार फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस को शक है कि इस हत्याकांड में किसी करीबी का हाथ हो सकता है। गीता सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय थीं। उनके मोबाइल और सोशल मीडिया अकाउंट से कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह हत्या जमीनी विवाद या किसी पुरानी रंजिश का नतीजा तो नहीं है। घटनास्थल पर पहुंची डॉग स्क्वायड टीम कुछ दूरी तक जाकर ठहर गई। फोरेंसिक टीम ने मौके से खून के नमूने और अन्य सबूत इकट्ठा किए हैं। पुलिस ने मामले की तह तक जाने के लिए तीन टीमें बनाई हैं। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया से मिले सुरागों के आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उद्घाटन पर पीएम मोदी ने कहा, भारत से जुड़ा है वाहन क्षेत्र का भविष्य

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का आगाज मारुति, हुंडई ने पेश किए अपने ईवी मॉडल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

*दिल्ली के भारत मंडप और यशोभूमि में शुक्रवार से शुरू हुए ऑटो एक्सपो में इस वर्ष 40 से अधिक विदेशी कंपनियां भाग ले रही है। एक्सपो के पहले दिन मारुति, हुंडई, सुजुकी, हीरो मोटर कॉर्प सहित कई कंपनियों ने अपने नए मॉडल प्रदर्शित किए। मारुति और हुंडई ने अपने बहुप्रतिक्षित इलेक्ट्रिक मॉडल आज पेश किए।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वाहन क्षेत्र का भविष्य भारत से जुड़ा है। पिछले एक साल में 2.5 करोड़ वाहनों की बिक्री और चार साल में 36 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इस बात की पुष्टि करता है।

प्रधानमंत्री ने यहां भारत मंडपम में वैश्विक वाहन प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' 2025 का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत वाहन क्षेत्र में आगे बढ़ने और भविष्य संवारने को इच्छुक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य है। इस साल पांच दिन चलने वाली प्रदर्शनी तीन स्थानों राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम तथा यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में आयोजित की जा रही है।

### एक ही छत के नीचे सभी गाड़ियां

प्रदर्शनी में वाहन, कल-पुर्जों और प्रौद्योगिकियों से जुड़े 100 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद है। वाहनों की यह प्रदर्शनी 17 से 22 जनवरी तक चलेगी। इसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के वाहनों के साथ-साथ गाड़ियों से जुड़ी हर वस्तु देखने को मिलेगी।



### खास बातें

- पिछले एक साल में ढाई करोड़ वाहनों की बिक्री की
- चार साल में 36 अरब डॉलर का एफडीआई आया
- 100 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद

***डेढ़ लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई :*** *'मेक इन इंडिया' पहल को पीएलआई (उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन) योजना से भी बढ़ावा मिला। इससे इस क्षेत्र में 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद मिली है। इस योजना से वाहन क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से 1.5 लाख से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।*



**एमजी मोटर ने दो नए मॉडलों उतारे :** वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए इलेक्ट्रिक मॉडल के साथ किफायती लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में कदम रखने की घोषणा की।



***सुजुकी पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर, दो अन्य मॉडल किए पेश :*** *दोपहिया वाहन विनिर्माता सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लि. (एसएमआईपीएल) ने अपने पहले इलेक्ट्रिक स्कूटर ई-एक्सेस' समेत तीन मॉडलों को पेश किया।*

### हीरो मोटोकॉर्प ने चार नए उत्पाद पेश किए



देश की अग्रणी दोपहिया विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमियम मोटरसाइकिल और स्कूटर खंडों में कुल चार नए उत्पादों को पेश किया। हीरो मोटोकॉर्प ने एक्सट्रीम 250आर बाइक को पेश करने के साथ पहली बार 250 सीसी खंड में कदम रखा।

# अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने ADEPT परीक्षाएं 10 अलग भाषाओं में करवाने की घोषणा की

## समावेशन और विश्वस्तरीय डिजाइन शिक्षा तक पहुंच के लिए प्रतिबद्धता को किया और मजबूत

**मुंबई।** अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने भारत के पहले और एकमात्र बहुभाषी डिजाइन एंट्रेन्स टेस्ट 'अनंत डिजाइन एंट्रेन्स एण्ड प्रॉफिशियेंसी टेस्ट (ADEPT)' को 10 भाषाओं में करवाने की घोषणा की है। यह भाषाएं हैंः अंग्रेजी, हिन्दी, गुजराती, मराठी, बंगाली, कन्नड़, तमिल, तेलुगू, मलयालम और पंजाबी। यह पहल समावेशिता और डिजाइन की शिक्षा को सभी की पहुँच में लाने के लिये अनंत की अटूट प्रतिबद्धता दिखाती है।

इससे सुनिश्चित होगा कि विभिन्न सांस्कृतिक एवं भाषाई पृष्ठभूमि के आकांक्षी डिजाइनर्स को समान रूप से अवसर मिलेंगे। ADEPT 26 जनवरी, 2025 को ऑनलाइन होगा। पिछले साल अनंत ने ADEPT को पाँच भाषाओं में प्रस्तुत कर एक अभूतपूर्व कदम उठाया था।

अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट श्री अजय पिरामल की फिलोसॉफी ''डिजाइन भाषा से इतर होती है'', से प्रेरित होकर इस पहल का लक्ष्य था बाधाएं तोड़ना और पूरे भारत के विद्यार्थियों के लिये अवसरों के दरवाजे खोलना। बी.डीईएस क्लास ऑफ 2028 ने यूनिवर्सिटी के इतिहास में सबसे बड़ा बनकर इसकी सफलता का प्रमाण दिया है। उसमें 4 देशों, भारत के 30 राज्यों और 283 शहरों के 478 विद्यार्थी एक साथ थे।

इस उपलब्धि के आधार पर अनंत नये साल में ADEPT की पेशकश 10 भाषाओं में करते हुए एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रही है। यह विस्तार सीखने का एक विविधतापूर्ण एवं समावेशी वातावरण बनाने के लिये अनंत की सोच दिखाता है। ऐसा वातावरण, जिसमें विद्यार्थी अपने जुनून को जी सकें और डिजाइन के माध्यम से समाज में सार्थक योगदान दे सकें। अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी की प्रोवोस्ट डॉ. अनुनया चौबे ने जोर देकर कहा, ''हमारा मिशन एक समावेशी शैक्षणिक माहौल बनाना है, जहाँ प्रतिभा के फलने-फूलने में भाषा की बाधा न हो। ADEPT को 10 भाषाओं में संचालित कर हम विभिन्न पृष्ठभूमियों के आकांक्षी डिजाइनरों को सशक्त बना रहे हैं। हम उन्हें डिजाइन के नवाचार में अपने-अपने दृष्टिकोण तथा आइडियाज़ रखने में समर्थ बना रहे हैं।'' इस पहल के साथ यूनिवर्सिटी डिजाइन की शिक्षा में लगातार नये मापदण्ड तय कर रही है और प्रभावशाली डिजाइनर्स की एक नई पीढ़ी को बढ़ावा दे रही है। यह लोग दुनिया की चुनौतियों को हल करने के लिये तैयार रहेंगे।

अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी को हाल ही में गुजरात स्टेट इंस्टिट्यूशनल रेटिंग फ्रैमवर्क (जीएसआईआरएफ) 2023-24 की आर्किटेक्चर कैटेगरी में '5-स्टार रेटिंग' और यूनिवर्सिटी कैटेगरी में '4-स्टार रेटिंग' दी गई थी। यह रेटिंग्स प्रतिष्ठित मानी जाती हैं और यह सम्मान श्रेष्ठता तथा उत्कृष्टता का एक विश्व–स्तरीय संस्थान बनाने के लिये हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती देता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पिपंल और एक्ने को दूर करने के लिए यूं इस्तेमाल करें जायफल

जायफल का इस्तेमाल भोजन में फ्लेवर लाने के लिए किया जाता है। जायफल के एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर होने वाले हर तरह के इन्फेक्शन से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। जायफल में औषधीय गुण भी होते हैं जिन्हें त्वचा को निखारने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। जायफल में मैग्नीशियम, कॉपर और विटामिन बी1 और बी6 होता है जोकि सेहत के लिए जरुरी माना जाता है। इसके ये गुण त्वचा पर बहुत ही कारगर होते हैं। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लामेट्री गुण पिंपल्स और एक्ने के इलाज में मददगार साबित होते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि जायफल को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करने से क्या फायदे होगें और आप इसे किस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**1.कलींजर**

1 चम्मच जायफल पाउडर और 1-2 चम्मच दूध लें। दोनों को मिक्स करके पेस्ट बना लें, अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं।10-15 मिनट बाद चेहरे को धो लें। जायफल के रेजुवेनटिंग गुण और दूध में लैक्टिक एसिड मौजूद होने के कारण आपकी स्किन एकदम सुंदर और मुलायम हो जाएगी।

**2. एक्ने और पिंपल्स पर असरदायक**

अगर आपकी स्किन ऑयली है और आपके चेहरे पर एक्ने और दानें निकल आएं हैं तो 1 चम्मच जायफल पाउडर में शहद की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ समय बाद अपना चेहरा धों ले। दो हफ्तों में ही असर नजर आने लगेगा। जायफल और दूध दोनों में एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लामेट्री गुण होते हैं जो एक्ने को दूर करने में मदद करते हैं।

**3.पिगमेंटेशन के लिए**

जायफल में पाए जाने वाले गुण आपकी त्वचा की रंगत को निखारने और पिगमेंटेशन के साथ-साथ गहरे दाग-धब्बों को दूर करने में सहायता करते हैं। ये सूरज की तेज किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान को भी ठीक करता है। पैक बनाने के लिए एक साफ कटोरी लें और इसमें जायफल पाउडर,



योगर्ट और नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं। चेहरे पर पेस्ट को लगाएं और 8-10 मिनट के बाद ठंडे पानी से चेहरा धोकर सुखा लें। इसके बाद मॉइश्चराइजर लगाएं। आपकी स्किन पहले से ज्यादा ग्लोइंग नजर आएंगी।

**4.त्वचा को एक्सफोलिएट**

त्वचा को एक्सफोलिएट करके स्किन की सफाई करता है। आप अपनी डेड स्किन को स्क्रब करने के लिए जायफल पाउडर में शहद, बेकिंग सोडा और लौंग का तेल, नींबू के रस की बूंदे एकसाथ मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और चेहरे पर धीरे-धीरे स्क्रब करें। 5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से चेहरा धोकर सुखा लें।



# हफ्ते में पलकें होगी घनी अगर रोजाना करेंगे ये 3 काम

घनी पलके आखों की खूबसूरती को चार चांद लगा देती है। जिनकी पलके छोटी होती है उनकी आंखों की खूबसूरती फिकी दिखती है। अपनी पलकों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए युवतियां अक्सर नकली लैशेज लगाती हैं। परंतु आप चाहें तो कुछ टिप्स को अपनाकर घर पर ही घनी आई लैशेज पा सकती हैं। इससे आपकी पलकें घनी और खूबसूरत लगेगी।

**1. कैस्टर ऑयल**

रात में कैस्टर ऑयल लगाकर सोएं। नियमित रूप से इसे लगाने के कुछ हफ्तों बाद ही आपको फर्क नजर आने लगेगा। लैशेज के साथ-साथ आप आई ब्रोज को भी घना बना सकती हैं।

**2. विटामिन-ई**

विटामिन-ई कैप्सूल को तोड़कर आई लैशेज पर लगाएं। आप चाहें तो लगाकर सो जाएं या फिर 20 मिनट बाद आंखों को साफ कर लें।

**3. आई लिड मसाज करें**

रिंग फिंगर से हल्की-हल्की मसाज करें तथा मसाज करने से पहले उंगलियों को अच्छी तरह धो लें। यह आंखों के आसपास के हिस्से में रक्त प्रवाह को बढ़ाएगा।

# सूखी खांसी को जल्दी ठीक कर देंगे ये घरेलू नुस्खे



बार-बार खांसी करने से कोई भी काम करने में अच्छी खासी परेशानी आती है। इससे गले और पसलियों में दर्द भी होने लगता है। मौसम में बदलाव आ जाने से इस तरह की समस्या होने की संभावना ज्यादा होती है। इसके अलावा ज्यादा ठंड़ी या खट्टी चीजें भी गला खराब कर देती हैं। सूखी खांसी हो जाने पर जल्दी आराम आना भी मुश्किल हो जाता है और कफ सीरप पीने से नींद भी ज्यादा आने लगती है। ऐसे में दादी-नानी के अजमाए नुस्खे आपके काम आ सकते हैं।

**1. शहद**

एक चम्मच शहद दिन में 3 बार लें, इससे बहुत राहत मिलेगी।

**2. काली मिर्च**

पिसी काली मिर्च को घी में भूनकर खाने से खांसी जल्दी ठीक हो जाती है।

**3. प्याज**

आधा चम्मच प्याज के रस में 1 छोटा चम्मच शहद मिलाकर दिन में दो बार लें।

**4. हल्दी**

आधा कप उबले पानी में चुटकी भर हल्दी,पिसी काली मिर्च डालकर चाय की तरह पीएं।

**5. नींबू**

नींबू के रस में शहद मिक्स करके दिन में चार बार सेवन करने से खराश दूर होती है।

# अगर आपका बच्चा भी करता है ज्यादा गुस्सा तो यूं करें उसे Treat



जब बच्चा बात-बात पर चिड़ने या गुस्सा करने लगता है तो पेरेंट्स चिंता में पड़ जाते हैं। उनकी सबसे बड़ी परेशानी यही होती है कि उन्हें समझ ही नहीं आता कि आखिर बच्चा ऐसा क्यों कर रहा हैं। बिना बच्चे के चिड़चड़ेपन या गुस्से का कारण जाने बिना पेरेंट्स उन्हें डांटने या मारने लगते हैं। इससे बच्चा और भी जिद्दी हो जाता है और गलत दिशा में पड़ जाता हैं। अगर आप नहीं चाहते कि आपका बच्चा गलत राह पर जाए तो उसकी इन हरकतों के पीछे का कारण जाने न कि उसे डांट या फटकार लगाएं।

चलिए जानते है वह कौन सा कारण है जो आपके हंसते खेलते बच्चों को एकदम से चिड़चिड़ा या गुस्सैल बना देता है।

**बच्चे का अकेलापन**

भागदौड़भरी जिदंगी में माता-पिता दोनों वर्किंग होते है जिस वजह से वह अपने बच्चों को टाइम नहीं दे पाते। यहीं वजह है कि बच्चा खुद को अकेला महसूस करने लगता है और उसका व्यवहार चिड़चिड़ा और गुस्सैल हो जाते हैं। अक्सर पेरेंट्स इसे बच्चे की नादानी या बदतमीजी समझकर अनदेखा कर देते है जो सबसे बड़ी गलती हैं। माता-पिता को बच्चे की गलत आदतों की अनदेखा नहीं करना चाहिए बल्कि उसके कारणों को पहचानने की कोशिश करें। दरअसल, बच्चा खेलकूद न कर पाने या स्कूल में कोई विषय न समझ या माता-पिता की अटेंशन न मिल पाने के कारण व्यवहार चिड़चिड़ा या गुस्सैल बन जाता है।

**दूसरों के सामने डांटें नहीं, समझाएं**

अक्सर पेरेंट्स बच्चे के इस हाइपरएक्टिव स्वभाव को बदतमीजी मानकर उसे रिश्तेदारों या दोस्तों के सामने डांटते-फटकारते हैं जिसका असर बच्चे की मानसिकता और आत्मविश्वास पर पड़ता है। पेरेंट्स को चाहिए कि बच्चे के आसपास ऐसा माहौल बनाएं जिससे बच्चा अपनी हाइपरएक्टिविटी से बाहर निकल सकें।


- बच्चों को दूसरों के सामने मारने के बजाए प्यार से समझाएं।
- अपने गुस्से व चिंताओं पर नियंत्रण रखें।
- खुद को चिंतामुक्त रखने के लिए फैमिली के साथ बाहर घूमने जाएं।
- बच्चे को कभी अपनी चिंताओं का दोष न दें।
- घर में सकारात्मक वातावरण बनाने की कोशिश करें।
- बच्चे के साथ ज्यादा से ज्यादा टाइम स्पेंड करें।
- फैमिली के साथ हर हफ्ते मूवी प्लान करें।
- स्कूल या फ्रैंड्स से जुड़ी बातें बच्चों से पूछें।

**हाइपरएक्टिव बच्चे के साथ ऐसा हो व्यवहार**

1. हाइपरएक्टिव बच्चों को खेलकूद और बाहरी एक्टिविटीज में व्यस्त रखें। बच्चों को डांस या आर्ट क्लास ज्वाइन करवाएं। बच्चों को आउटडोर गेम्स खेलने के लिए भेजे। इससे बच्चे का मन शांत व खुश रहेगा और उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा।
2. हाइपरएक्टिव बच्चे हर गतिविधि पर नजर रखें। उसके स्कूल टीचर से रोज मिले और उसके व्यवहार से जुड़ी जानकारी लेते रहें। टीचर से रिक्वेस्ट करें कि बच्चे को आगे वाली सीट पर बैठाएं।
3. इस तरह के बच्चों को किसी न किसी खेल या दूसरों बच्चों के साथ मिलकर रहने दें। इससे उनके गुस्से व चिड़चिड़ेपन पर काबू पाया जा सकता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# स्त्रीय नृत्य करती नजर आएंगी खुशी कपूर

**जुनैद खान** और खुशी कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म लवयापा का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के बेहद रोमांचक ट्रेलर और शानदार गानों ने लोगों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। ट्रेलर में खुशी कपूर का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला है। क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म के एक गाने के लिए खुशी कपूर ने शास्त्रीय नृत्य का विशेष प्रशिक्षण लिया है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, खुशी कपूर ने अपनी पहली फिल्म लवयापा के लिए शास्त्रीय नृत्य का विशेष प्रशिक्षण लिया है। फिल्म के एक गाने में वह शास्त्रीय नृत्य करती नजर आएंगी। आधुनिक रोमांस की दुनिया में सेट लवयापा एक दिल को छू लेने वाली कहानी पेश करता है, जिसमें अविस्मरणीय प्रदर्शन, जीवंत संगीत और मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य हैं। यह फिल्म प्रेम के सभी रंगों का उत्सव मनाती है और सभी आयु वर्ग के दर्शकों के दिलों को छूने का वादा करती है। लवयापा का हाल ही में लवयापा हो गया रिलीज हुआ था, जिस पर हर कोई झूम रहा है। वहीं, गुरुवार को फिल्म का दूसरा गाना रहना कोल रिलीज चुका है। इस गाने में फ्रेशनेस और प्यार का ऐसा तड़का है, जो हर किसी को वैलेंटाइन मूड में ला देगा। जुनैद खान और खुशी कपूर की केमिस्ट्री और परफॉर्मेंस गाने में दिल छू लेने वाली है, जो प्यार की फीलिंग को बहुत अच्छे से बयां करती है। इनकी नैचुरल केमिस्ट्री देखकर दिल में सच में तितलियां उड़ने लगेंगी। ये गाना अपने चार्म और फील के साथ साल का लव एंथम बनने वाला है।

# 'कला और कलाकार का पूर्ण उत्पीड़न'

**अभिनेत्री** और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने अपनी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन को कला और कलाकार का पूर्ण उत्पीड़न बताया। यह विरोध प्रदर्शन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) द्वारा किया जा रहा है, जो एक सर्वोच्च शासी निकाय है जो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में ऐतिहासिक गुरुद्वारों का प्रबंधन करता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद के रूप में भी काम कर रहीं कंगना ने पंजाब में चल रहे विरोध प्रदर्शन को अपनी छवि खराब करने और अपनी फिल्म इमरजेंसी को नुकसान पहुंचाने के लिए दुष्प्रचार करार दिया। विधायक सुखपाल सिंह खैरा द्वारा फिल्म इमरजेंसी पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के लिए किए गए ट्वीट का जवाब देते हुए कंगना ने लिखा कि यह कला और कलाकारों का पूर्ण उत्पीड़न है, पंजाब के कई शहरों से रिपोर्ट आ रही है कि ये लोग इमरजेंसी को प्रदर्शित नहीं होने दे रहे हैं। कंगना ने आगे लिखा कि मैं सभी धर्मों का बहुत सम्मान करती हूं और चंडीगढ़ में पढ़ाई और बड़े होने के बाद मैंने सिख धर्म को करीब से देखा और उसका पालन किया है। यह मेरी छवि को खराब करने और मेरी फिल्म इमरजेंसी को नुकसान पहुंचाने के लिए पूरी तरह से झूठ और दुष्प्रचार है। पंजाब के कपूरथला जिले के भोलाथ निर्वाचन क्षेत्र से विधायक ने कंगना रनौत निर्देशित और अभिनीत फिल्म इमरजेंसी पर सिनेमाघरों में तत्काल प्रतिबंध लगाने के संबंध में एसजीपीसी द्वारा चल रहे विरोध का समर्थन किया।





# भारत लौटी प्रियंका चोपड़ा

**प्रियंका चोपड़ा** ने बॉलीवुड से दूरी बना ली है, लेकिन वह साउथ सिनेमा की फिल्म एसएसएमबी29 में महेश बाबू के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म राजामौली बना रहे हैं। फिल्म को लेकर इसलिए भी चर्चा तेजी से हो रही है क्योंकि यह फिल्म 1000 करोड़ रुपए के बजट में बनाई जाने वाली है और यह भारत में बनने वाली अब तक की सबसे महंगी फिल्मों में से एक हो जाएगी। हालांकि फिल्म का प्रदर्शन कैसा होगा इस पर चर्चा होने में अभी काफी वक्त है, लेकिन फिल्म प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू की जोड़ी को लेकर सुर्खियां बटोर रही है। महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा को इससे पहले कभी भी सिल्वर स्क्रीन पर नहीं देखा गया है। यह पहली बार होगा जब दोनों एक साथ नजर आएंगे। ऐसे में दोनों के फैंस दोनों की जोड़ी को लेकर काफी उत्सुक हैं। फैंस को यह जोड़ी अभी से पसंद आ रही है। प्रियंका चोपड़ा भारत पहुंच चुकी हैं। हैदराबाद एयरपोर्ट पर वह नजर आई हैं। इसका वीडियो खुद उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया है। जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू होगी, प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। फिल्म के सेट पर पहुंचने के लिए वह हैदराबाद पहुंच चुकी है। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। वह टोरंटो से दुबई और दुबई से हैदराबाद पहुंचने का वीडियो को शेयर करते हुए नजर आई हैं।